जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

दिनांक: 30/04/2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के अर्थशास्त्र विभाग के छात्रों द्वारा 'स्पोर्ट्स मीट' में कौशल एवं प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन ।

एथलेटिकिज्म, सौहार्द, खेल भावना और टीम भावना जागृत करने के लिए जामिया मिल्लिया इस्लामिया के अर्थशास्त्र विभाग के सब्जेक्ट एसोसिएशन द्वारा विश्वविद्यालय के एम.ए.के. पटौदी खेल परिसर में दिनांक 25 अप्रैल, 2024 को वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम का उद्घाटन जामिया के अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. अशरफ इलियान ने छात्र सलाहकार डॉ. वसीम अकरम, पाठ्यक्रम समन्वयक- डॉ. काशिफ खान, बी.ए. (ऑनर्स) अर्थशास्त्र और बड़ी संख्या में छात्र की उपस्थिति में किया।

अर्थशास्त्र विभाग अपने छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ क्लास से बाहर खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामाजिक सेवा के माध्यम से भी उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भी शिक्षा में खेलों के महत्व पर बल दिया गया है और खेलों को शैक्षणिक पाठ्यक्रम में एकीकृत किया गया है।

इस स्पोर्ट्स मीट में बैडमिंटन, टेबल टेनिस एवं फुटबॉल सहित अनेक प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। छात्रों ने अपनी आंतरिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथा उत्साही प्रतिस्पर्धा एव उत्साह में संलग्न रहे । छात्रों की सक्रिय भागीदारी ने इस कार्यक्रम को अत्यंत यादगार बना दिया गया। विजेताओं को मैडल एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

सब्जेक्ट एसोसिएशन के आबिद रजा काजमी, फातिमा शाहन अरक्कल, फैज एवं गौरव ने कार्यक्रम का सफल समन्वयन किया।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया